an>

Title: Need to carry out upgradation work in Pune Railway Station and make Akurdi railway station in Maharashtra a junction station.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय अध्यक्ष जी, पूना रेलवे स्टेशन ब्रिटिश काल में 27 जुलाई, 1925 को बना है। पूना रेलवे स्टेशन से लगभग 150 एक्सप्रैस, मेल और 44 लोकल ट्रेन चलती हैं। इनमें लगभग रोजाना 1,50,000 लोग यात्रा करते हैं। पूना रेलवे स्टेशन से मुंबई, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु राज्यों को ट्रेनें जाती हैं। पूना से लोनावाल, तलेगांव दौंड के लिए उपनगरीय रेल सेवा भी चलती है। पूना रेलवे स्टेशन पर इतने अधिक यात्री होने के बावजूद छः प्लेटफार्म और आठ ट्रैक बने हैं। पूना के साथ पिंपरी चिंचवड शहर है। वर्तमान में पिंपरी चिंचवड की जनसंख्या 22 लाख से अधिक है। पिंपरी चिंचवड में आकुर्डी रेलवे स्टेश्न है, अगर यहां जंक्शन बना दिया जाए तो पूना रेलवे स्टेशन का भार कम हो जाएगा और यात्रियों को भी सुविधा होगा। आकुर्डी में जंक्शन बनाने हेतु राज्य में संबंधित संस्था के पास जमीन भी उपलब्ध है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि पूना रेलवे स्टेशन पर जरूरी विकास करने संबंधी आवश्यक कदम उठाए जाएं एवं आकुर्डी रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाए जाने हेतु जरूरी कार्यवाही की जाए।